## खास-खबरें

### प्रतिष्ठानों पर फायर सेफ्टी का बंदोबस्त जरूरी

**गंजबासौदा।** एसडीएम अनुभा जैन के नेतृत्व में व्यापारियों, प्रतिष्ठान संचालकों की बैठक हुई बैठक में फायर सेफ्टी को अनिवार्य बताया गया अधिकारियों ने कहा कि जिन प्रतिष्ठानों के लिए नियमों के तहत फायर सेफ्टी की एनओसी जरूरी है वे इसे जरूर लें अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी न करें। बैठक में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एसडीआरएफ मयंक कुमार जैन सीएमओ नगर पालिका अशोक वर्मा मौजूद रहे एसडीआरएफ की टीम ने आग के प्रकार बताए बुझाने के तरीके बताए और इस विषय पर विस्तृत दिशा निर्देश दिए।।

### कांग्रेसजनों ने किया प्रदर्शन

**गंजबासौदा।** गंजबासौदा कांग्रेस के पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन कांग्रेस नेता पंकज एलिया आदि की उपस्थिति में नेहरू चौक पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया विषय यह रहा कि फूड इंस्पेक्टर ने रेस्टोरेंट आदि के खिलाफ घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग तथा अमानक खाद्य पदार्थों की जांच की थी चालानी कार्यवाही से उपजेआक्रोश पर दुकानदारों और चेकिंग दल की टीम के बीच हुई तीखी बहस को लेकर हालात उत्पन्न हुआ था दुकानदारों ने जांच दल पर सामान फेंकने और अभद्रता करने का आरोप लगाया था।फूड इंस्पेक्टर का कहना है कि बरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान किया जा रहा है उसी के तहत कार्रवाई की गई है।

### 72 घंटे में दो नाबालिग लड़कियां सकुशल बरामद शादी का झांसा देने वाला युवक गिरफ्तार

**भैरुंदा।** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण के दो



मामलों में तीन दिन के भीतर दो नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दोनों किशोरियों को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार 8 सितंबर को दो अलग-अलग परिवारों ने अपनी नाबालिग बेटियों के लापता होने की शिकायत थाना भैरुंदा में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक 522/2026 और 523/2026 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से कार्रवाई करते हुए पहले 10 सितंबर को एक किशोरी को सुरक्षित बरामद किया। इसके बाद 11 सितंबर को इंदौर से दूसरी किशोरी को भी सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी प्रवीण भुसारिया (21), निवासी ग्राम खांडाबड़ा, थाना बुधनी ने दोनों किशोरियों को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले में धारा 87 बीएनएस भी जोड़ी। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### दो प्रकरणों में नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा ( निप्र )।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने देहात थाना बासौदा में दर्ज अपराध के फरार आरोपित अनिल पुत्र नेमीचंद उर्फहरीशचंद्र रैकवार उम्र 38 साल निवासी लक्ष्मीनारायण वाली गली बासौदा थाना देहात की सूचना देने वालो को पांच हजार रू. की एवं थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपितों में आशीष उर्फनैतिक पुत्र स्व0 तोरन सिंह किरार उम्र 32 साल, आलोक पुत्र स्व. तोरन सिंह किरार उम्र 36 साल निवासीगण चिडोरिया थाना सिविल लाइन विदिशा की सूचना देने वालो को क्रमशः दो-दो हजार रू. नगद राशि देने की उद्घोषणा की है।

### जिला प्रशासन के सहयोग से खंगराले ने दलितों को 12 एकड़ पट्टे की भूमि पर दिलाया कब्जा

**सीहोर।** ग्राम फूल मोगरा थाना मण्डी तहसील व जिला सीहोर अनुसुचित जाति मालवीय समाज की 12 एकड़ पट्टे की भूमि राजाराम, कैलाश, जीवन पिता स्व.फकीरचंद मालवीय एवं महेश पिता नंदकिशोर मालवीय को शासन द्वारा शाकसीय पट्टा प्रदान किया गया था। जिस पर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फरीदा बी, सलीम बैग द्वारा विगत् 15 वर्षों से अनाधिकृत रूप से कब्जा कर फसल ली जा रही थी। जिले के कलेक्टर डॉ. के.बालागुरु, अनुविभागीय अधिकारी तनमय वर्मा, तहसीलदार आकाश महंत, अविनाश सोनानिया, धनजी मालवीय द्वारा धारा 250 के आदेश कर दलितों को मौके पर भूमि पर कब्जा दिलाये जाने के आदेश दिये गये। आदेश के पालन में मण्डी पुलिस बल व राजस्व निरीक्षक विरेन्द्र वर्मा तथा पटवारी श्रीमती शिवानी काशलीवाल द्वारा ग्राम फूल मोगरा पहुंचकर कोटवार मोहन तथा मौके पर उपस्थित ग्राम वासियों के समक्ष भूमि चिन्हित को चिन्हित कर कब्जा दिलाया गया। उक्त भूमि को वापस दिलाये जाने के लिये दलित नेता नरेन्द्र खंगराले द्वारा विगत् पांच वर्षों से जिला प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तत्कालीन पार्षद श्रीमती आरती नरेन्द्र खंगराले, पूर्व सरपंच ग्राम फूल मोगरा नन्द किशोर मोलवीय, अविनाश, दीपक सोनकर, आर्यन विनोद, दीपक, राजकुमार, सचिन, गोलू एवं जमना बाई, सुनीता बाई, रामप्यारी बाई, शारदा बाई, हेमलता मालवीय तथा अनेकों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**त्योहारों से पहले पुलिस सख्त**

# नशे के अड्डों पर कार्रवाई, स्कूलों के आसपास बढ़ेगी निगरानी

## शांति समिति की बैठक में नागरिकों ने उठाए ट्रैफिक, छात्राओं की सुरक्षा और अतिक्रमण के मुद्दे एडिशनल एसपी ने थाना प्रभारी को दिए सख्त निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदा :** गणेश उत्सव से दीपावली तक लगातार रहने वाले त्योहारों के मद्देनजर भैरूंदा में शुक्रवार को थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रही। बैठक में नागरिकों ने शहर में बढ़ते नशे, स्कूलों के आसपास छात्राओं की सुरक्षा, जाम की समस्या और सड़क किनारे लगने वाले हाथ ठेलों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने इन शिकायतों को गंभीर मानते हुए थाना प्रभारी को नशे के संदिग्ध ठिकानों पर निगरानी बढ़ाने और शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, सीएमओ आर.पी. भांवरे, नायब तहसीलदार रामदास गोरले, विद्युत विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणेश उत्सव समितियों, शांति समिति और






नगर सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### नशे पर सबसे ज्यादा चिंता

नागरिकों ने बताया कि शहर और आसपास कुछ स्थानों पर नशे के सेवन और अवैध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही हैं। देर रात तक असामाजिक तत्वों के जमावड़े से विवाद की स्थिति बनती है और आसपास के रहवासियों को परेशानी होती है। इस पर एडिशनल एसपी ने थाना प्रभारी को ऐसे स्थान चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने तथा नशामुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए।

**छात्राओं की सुरक्षा पर विशेष फोकस :** बैठक में स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं से छेड़छाड़ और तेज रफ्तार वाहनों की शिकायतें भी सामने आईं। पुलिस ने स्कूल समय में संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाने और शिकायत मिलते ही कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

**ट्रैफिक और अतिक्रमण भी बने मुद्दे :** शहर में लंबे समय से ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने से जाम की समस्या उठाई गई। बस स्टैंड से सीहोर नाके तक सड़क किनारे लगने वाले फल, सब्जी और फूल के ठेलों को व्यवस्थित करने का सुझाव भी बैठक में रखा गया। एडिशनल एसपी ने कहा कि नई भर्ती के बाद आवश्यकता अनुसार ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी। अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक पोस्ट से बचने तथा किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल पुलिस को जानकारी देने की अपील की।

### 40 दुकानों वाले गणेश प्रतिमा बाजार का शुभारंभ

बैठक के बाद सांदीपनि विद्यालय परिसर में महाराजा दक्ष प्रजापति गणेश प्रतिमा मार्केट का शुभारंभ किया गया। करीब 40 दुकानों वाले इस बाजार का उद्घाटन एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे और नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने किया। शांति समिति की बैठक में जनता ने उठाए शहर के असली मुद्दे नशा, ट्रैफिक और छात्राओं की सुरक्षा पुलिस ने कार्रवाई का दिया भरोसा।

# भादो अमावस्या पर महाराष्ट्र और राजस्थान से कांवड़ लेकर पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

## 11 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा के बाद किया भगवान शिव का सामूहिक अभिषेक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** सावन मास के बाद भादो अमावस्या तक जारी रही कांवड़ यात्रा का शुक्रवार को विधिवत विराम हो गया। जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में भादो अमावस्या के अवसर पर महाराष्ट्र, राजस्थान सहित विभिन्न स्थानों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर पहुंचे।

श्रद्धालुओं ने शहर के सीवन नदी तट से करीब 11 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर धाम पहुंचकर भगवान शिव का सामूहिक रूप से जलाभिषेक किया। तेज धूप के बावजूद शिवभक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दी और पूरा मार्ग हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा।

कांवड़ यात्रियों के धाम पहुंचने पर विठलेश सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था की गई। पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला और कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा सहित समिति से जुड़े लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस दौरान दो क्विंटल खीर का भोग लगाकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

**अमावस्या के साथ कांवड़ यात्रा का हुआ विराम :** विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भादो अमावस्या के साथ इस वर्ष सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के नियमित क्रम का विराम हो गया है। अब सीवन नदी तट से कांवड़ लेकर धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि सावन से लेकर भादो अमावस्या तक बड़ी संख्या में महाराष्ट्र, राजस्थान सहित देश के विभिन्न हिस्सों से शिवभक्त कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे और बाबा का अभिषेक किया। आने वाले दिनों में भी श्रद्धालुओं के धाम पहुंचने और एक लोटा जल अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक करने का क्रम जारी रहेगा। अमावस्या के अवसर पर सीवन नदी तट से कांवड़ यात्रा शुरू करने वाले श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। तेज धूप के बीच शिवभक्त कांवड़ लेकर करीब 11 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए धाम पहुंचे। रास्ते भर भगवान शिव के जयकारे और भक्ति के स्वर सुनाई देते रहे। धाम पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने कांवड़ में लाए पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक किया। सामूहिक अभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की।

**सादगी और विश्वास से करें भगवान शिव की आराधना :** इस अवसर पर कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने भगवान शिव की आराधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव की पूजा-अर्चना सादगी और पूर्ण विश्वास के साथ करनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत अपर कलेक्टर श्रीमती मीना मसराम एवं जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने लटेरी तहसील की ग्राम पंचायत सुनखेर में विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं, बच्चों की उपस्थिति और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका से संवाद किया। इस दौरान गांव के बच्चे शिवाय कौरव का वजन एवं लंबाई मापी गई। अधिकारियों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यानगत रखते हुए निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी में दर्ज सभी बच्चों का नियमित रूप से वजन एवं लंबाई मापना सुनिश्चित करें।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने गांव के दिव्यांग आवेदक हुकुमसिंह का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। इसके बाद अधिकारियों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर खाद्यान्न वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आनंदपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, व्यवस्थाओं और मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

### "माँ तुझे प्रणाम" योजना के अंतर्गत युवाओं को मिलेगी सीमा दर्शन की अनुभव यात्रा

**विदिशा ( निप्र )।** राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत मध्यप्रदेश शासन की माँ तुझे प्रणाम योजना युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। योजना के अंतर्गत प्रदेश के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की अनुभव यात्रा पर भेजा जाएगा। इस दौरान युवा सीमा पर तैनात सैन्य बलों की गतिविधियों, दिनचर्या तथा देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों से परिचित होंगे। साथ ही उन्हें प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक महत्व के स्थानों से भी परिचित कराया जाएगा। योजना के अंतर्गत प्रत्येक विकासखण्ड स्तर से 5 युवक एवं 5 युवतियों का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं में विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। इनमें 1 एनसीसी, 1 एनएसएस, 1 खिलाड़ी, 1 मेधावी छात्र तथा 1 स्काउट/गाइड का चयन किया जाएगा। इसी प्रकार 5 युवतियों का भी संबंधित श्रेणियों के अनुसार चयन किया जाएगा। चयन के लिए युवक एवं युवतियों की आयु 31 दिसंबर 2027 की स्थिति में 15 से 25 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है।

# सुपोषित बचपन से बनेगा सशक्त समाज, सुपोषण सप्ताह में बच्चों को दिया स्वस्थ जीवन का मंत्र

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा :** सिद्धपुर सेवा भारती समिति, सीहोर द्वारा नगर भैरूंदा के देवी अहिल्याबाई संस्कार केंद एवं रानी दुर्गावती संस्कार केंद्र में सुपोषण सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में बच्चों को पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली का महत्व बताते हुए सुपोषित एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, नगर उपाध्यक्ष श्रीमती राधिका जैमिनी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा प्रजापति, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हेमवती धुर्वे, पायल खरे, बबली शर्मा तथा



बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हेमवती धुर्वे ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व समझाते हुए सही तरीके से हाथ धोने की विधि बताई। उन्होंने भोजन से पहले और बाद में हाथ धोने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। नगर अध्यक्ष ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अच्छे संस्कार अपनाने और अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और अनुशासित जीवन ही सफलता का आधार है।

### लोकदेव रामदेवजी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा कल

**विदिशा ( निप्र )।** स्थानीय किलेअन्दर स्थित विशिष्ट आस्थाधाम श्रीद्वारकाधीश मंदिर में भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया (दूज) 13 सितम्बर रविवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लोकदेव बाबा श्रीरामदेवजी का जन्मोत्सव परम्परागत उत्साह से मनाया जाएगा।

श्री द्वारकाधीश मंदिर के मुखिया पं. गिरजेश मिश्रा ने बताया कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान के नाना अनंगपाल व उनके भाई रायसिंह श्रीद्वारकाधीश भगवान के उपासक थे। उनके पुत्र अजमलजी को श्रीद्वारकाधीश भगवान उपासना विरासत में प्राप्त हुई थी। उन्हें कोई संतान नही होने के कारण मन ही मन बड़े व्यथित रहते थे। उनकी धर्मपत्नी रानी मैना देवी ने उन्हें श्रीठाकुरजी की शरण में जाने के लिए कहा, परिणामस्वरूप श्रीठाकुरजी ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें पुत्र प्राप्त होने का आशीर्वाद दिया और कहा कि मैं स्वयं तुम्हारे घर अवतरित होऊंगा। इसीलिए भाद्रपद शुक्ल पक्ष की द्वितीया अर्थात दूज पर उनके यहां भगवान श्रीद्वारकाधीशजी का अंशावतार हुआ।

# समन्वित कृषि प्रणाली से बढ़ेगी किसानों की आय, प्रशिक्षण में दिए सुझाव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन :** कृषि रोडमैप-2026 के तहत भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम मेरठ और कृषि विज्ञान केंद्र रायसेन द्वारा समन्वित कृषि प्रणाली पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल उत्पादन के साथ पशुपालन, बागवानी, मछली पालन, मशरूम उत्पादन और अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाकर आय बढ़ाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रघुवीर सिंह, डॉ. राघवेंद्र सिंह, डॉ. नम्रता जैन, डॉ. विनीता परते, कृषि विज्ञान केंद्र रायसेन के प्रमुख डॉ. स्वप्निल दुबे सहित अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे। डॉ. नम्रता जैन ने बताया कि समन्वित कृषि प्रणाली का उद्देश्य किसानों के उपलब्ध संसाधनों और आर्थिक स्थिति के अनुसार विभिन्न कृषि उद्यमों को जोड़कर वर्षभर आय का साधन तैयार करना है।




वैज्ञानिक डॉ. राघवेंद्र सिंह ने कहा कि छोटे और सीमांत किसान फसल उत्पादन के साथ दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन, बागवानी और कृषि वानिकी अपनाकर अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. स्वप्निल दुबे ने बताया कि लंबे समय से अपनाई जा रही धान-गेहूं फसल प्रणाली के कारण मिट्टी की उर्वरता, जल उपलब्धता और उत्पादन लागत पर असर पड़ रहा है। ऐसे में कृषि विविधीकरण जरूरी है।

प्रशिक्षण में पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने बताया कि एक हेक्टेयर भूमि में मधुमक्खी पालन अपनाकर किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। मधुमक्खियों से फसलों में परागण बढ़ने से उत्पादन में भी वृद्धि होती है।

इस दौरान ग्राम जनकपुर में पराली प्रबंधन और एकीकृत फसल पद्धति पर भी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, फसल चक्र प्रबंधन और पराली नहीं जलाने के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण के साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। किसानों को जीरो टिलेज मशीन, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर सहित अन्य कृषि यंत्रों की जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने फसल उत्पादन के साथ पशुपालन, बागवानी, कृषि वानिकी और अन्य गतिविधियां अपनाने का आह्वान किया। जनकपुर में आयोजित प्रशिक्षण में 40 किसानों ने सहभागिता की।

### फुटबाल प्रतियोगिता के एक तरफा मुकाबले में खरगोन ने रतलाम को 11-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के आवासीय खेलकूद और चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में राज्य स्तर अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता गत 6 सितंबर से प्रारंभ हुई। मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के सहयोग से इस प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही है ए और बी टीमों का शुक्रवार को ग्रुप का आखिरी मैच खेले जा रहे हैं। इसमें पहला मैच रतलाम विरुद्ध खरगोन के बीच खेला गया खरगोन की टीम 11-0 से विजय रही खरगोन में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 11 गोल से जीत अर्जित की इसके अलावा दूसरा मैच इंदौर-बड़वानी के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर 09-00 से विजय रही इंदौर की तरफ से अंगद सिंह ने 4 गोल किए मनन ने 2 गोल किए जयेश ने 2 गोल किया कार्तिक ने 1 गोल किया। दोनों ही मुकाबले एक तरफा रहे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि ग्रुप में भोपाल और इंदौर के बीच दोनों ही टीमों ने टॉप किया।

# ओबेदुल्लागंज में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, 63 बल्क लीटर मदिरा जब्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, ओबेदुल्लागंज/ रायसेन :** आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंडीदीप क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7 पेटी अवैध शराब और बिना नंबर की दोपहिया वाहन जब्त किया गया है। जब्त शराब की कीमत करीब 1 लाख 32 हजार रुपये बताई गई है।

आबकारी विभाग के अनुसार कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और सहायक आयुक्त आबकारी डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आबकारी वृत्त ओबेदुल्लागंज प्रभारी गौरव भद्रसेन की टीम ने 10 सितंबर की रात कार्रवाई की।

टीम ने मंडीदीप पाल मोहल्ला निवासी वीरेंद्र सिंह उर्फ वीर (31) को ग्राम महुआखेड़ा-कुमड़ी जोड़ मार्ग से पकड़ा। आरोपी के पास से 250 पाव प्लेन और 100 पाव गोवा व्हिस्की सहित कुल 63 बल्क लीटर अवैध



शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

आबकारी अधिकारियों के अनुसार आरोपी के खिलाफ लंबे समय से अवैध शराब बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। बताया गया कि वह मंडीदीप क्षेत्र में घर-घर शराब पहुंचाने का काम करता था। सहायक आयुक्त आबकारी ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।